प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



अजित के क़रीबियों से आख़िर क्यों नाराज़ हैं सुनेत्रा पवार? पेज- 2

पेज-6 छत से गिरकर किशोरी घायल

वर्ष : 15 अंक : 97 रविवार 29 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## यूपी अब देश का सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

(एजेंसी) नोएडा। उत्तर प्रदेश को नई उड़ान देने वाला नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) आज औपचारिक रूप से शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को इसके पहले चरण का भव्य उद्घाटन करेंगे। स्विस कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा संचालित यह एयरपोर्ट दिल्ली–एनसीआर और पूरे उत्तर भारत के बढ़ते हवाई यातायात का दबाव कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन के दौरान कहा कि यह परियोजना युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने वाली है। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा, "आज हम विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के अभियान का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब देश के सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में शामिल हो गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक अनोखे अंदाज में जनता को शामिल किया। उन्होंने कहा, "अभी तो आधा काम ही हुआ है। मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है। बाकी उद्घाटन आप सबको करना है। इसके बाद पीएम मोदी ने मौजूद लोगों से अपील की कि वे अपने मोबाइल फोन निकालें और फ्लैश लाइट जला दें। जनता ने तुरंत फ्लैश लाइट ऑन कर दी। पीएम मोदी ने तब कहा, "अब यहां मौजूद



हर व्यक्ति इस एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहा है। यह एयरपोर्ट आपकी अमानत है, आपका पुरुषार्थ है। इसलिए इसका उद्घाटन आपके हाथों से हो रहा है।" नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश के तेज विकास का जीवंत उदाहरण है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "हम आज नए भारत का साक्षात्कार कर रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट के माध्यम से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की उड़ान मिलने जा रही है। यह एयरपोर्ट विकास का बेहतरीन मॉडल साबित होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जो दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की गई, उसके सकारात्मक परिणाम आज पूरे देश को दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और मूल्य नियंत्रण का जिक्र करते हुए कहा, "भारत में पेट्रोल–डीजल समेत अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी हुई है और उनके दाम भी नियंत्रण में हैं। वहीं विकसित देशों जैसे अमेरिका में इनके दाम आसमान छू रहे हैं। हमारे पड़ोसी देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं, जिसके कारण वहां अव्यवस्था फैल गई है। कई जगहों पर कामकाजी घंटे कम करने, उत्पादन रोकने और जनता के लिए कोटा व्यवस्था लागू करने जैसी मजबूरियां पैदा हो गई हैं। सीएम योगी ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को बेहतर तरीके से संभाल रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक स्थिर और विश्वसनीय अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन को उन्होंने उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह परियोजना युवाओं को नए अवसर प्रदान करेगी तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने राष्ट्रवादी नारों 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'हर हर महादेव' से की। सीएम योगी ने कहा, "मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से स्वागत और अभिनंदन करता हूं। डबल इंजन की सरकार के मजबूत सहयोग से प्रदेश में विकास की गति अभूतपूर्व रूप से तेज हुई है।" केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी के लिए बेहद खुशी का अवसर है। उन्होंने एयरपोर्ट के उद्घाटन पर सबको बधाई दी और बताया कि जेवर का यह नया हवाई अड्डा अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्री ने कहा, "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब 'उड्डयन प्रदेश' से आगे बढ़कर 'उत्तम प्रदेश' बन रहा है। पहले जेवर के लोग नौकरी की तलाश में दिल्ली जाते थे, लेकिन अब दुनियाभर से लोग रोजगार के अवसरों की तलाश में जेवर आएंगे।"

## कांग्रेस ने साधा पीएम मोदी पर निशानाः कहा- वेस्ट बैंक में इजराइली कार्रवाई का विरोध करने की प्रधानमंत्री में हिम्मत नहीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में हिम्मत नहीं है कि वह वेस्ट बैंक में इजराइली की ओर से कि जा रही कब्जे की कार्रवाई का विरोध करें और अपने मित्र बेंजामिन नेतन्याहू के सामने सच बोल सकें। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इजराइल पश्चिम एशिया में युद्ध के बहाने अपने ग्रेटर इजराइल के नजरिए को आगे बढ़ा रहा है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश पर पोस्ट किया, ईरान पर अमेरिका–इजराइल की बमबारी और ईरान के जवाबी हमले का आज 28वां दिन है। पिछले चार हफ्तों में, जबकि दुनिया की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य और खाड़ी देशों में ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर रही है, इजराइल ने गाजा के लोगों पर अपनी क्रूरता जारी रखी है, दक्षिणी लेबनान में अपने लिए एक बड़ा बफर जोन बनाने के लिए अभियान शुरू किया और वेस्ट बैंक पर अपने कब्जे को पक्के कब्जे में बदलने के लिए



कदम उठाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान पश्चिम एशिया युद्ध इजराइल को ग्रेटर इजराइल के अपने दृष्टिकोण पर आगे बढ़ने के लिए कवर प्रदान कर रहा है और फलस्तीनी राष्ट्र के लिए किसी भी उम्मीद को भी खत्म कर रहा है। उन्होंने कहा, मोदी के इजराइल से भारत रवाना होने के दो दिन बाद ही ईरान पर अमेरिकी–इजराइल बमबारी शुरू हो गई। इस बात का एहसास नहीं है कि उनके वहां पहुंचने से कुछ ही दिन पहले, इजराइली कैबिनेट ने 1967 के बाद पहली बार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के लगभग आधे हिस्से में भूमि पंजीकरण को मंजूरी दी थी। इससे लाखों फलस्तीनियों को बेदखल होना पड़ेगा। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी में आवाज उठाने और अपने अच्छे दोस्त बेंजामिन नेतन्याहू के सामने सच बोलने की हिम्मत नहीं है।

## ईरान जंग में हूती विद्रोहियों की एंट्री, पहली बार इजराइल पर दागी मिसाइल

(एजेंसी) तेल। अवीव यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर किए गए मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ले ली है। यह हमला मौजूदा पश्चिम एशिया युद्ध के शुरू होने के बाद हूतियों की पहली सीधी सैन्य कार्रवाई माना जा रहा है। हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने दक्षिणी इजराइल में "संवेदनशील सैन्य ठिकानों" को निशाना बनाते हुए बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसने यमन से दागी गई मिसाइल को उस के लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही इंटरसेप्ट कर लिया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि हूती विद्रोहियों के इस कदम से युद्ध का दायरा और फैल सकता है और क्षेत्र में नया मोर्चा खुल सकता है। हूती विद्रोहियों ने इससे पहले संकेत दिया था कि वे इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। अब इस हमले के साथ उन्होंने औपचारिक रूप से अपनी भागीदारी दिखा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि हूती विद्रोहियों की एंट्री से सबसे बड़ा खतरा लाल सागर और बाब –अल–मंदेब जलडमरूमध्य के व्यापारिक मार्गों पर पड़ सकता है। पहले भी हूती विद्रोही 100 से अधिक जहाजों पर हमले कर चुके हैं। कई पोत डूबे और नाविकों की मौत हुई। अगर फिर से हमले शुरू हुए, तो वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है।

## निवासियों पर अतिरिक्त बोझ ना पड़े इसके लिए केंद्र के साथ मिलकर काम कर रहे हैं : रेखा गुप्ता

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र के साथ समन्वय में काम कर रही है ताकि वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न कोई भी अतिरिक्त बोझ निवासियों पर ना पड़े। गुप्ता शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की उच्च स्तरीय बैठक का हिस्सा थीं, जिसमें वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक गति बनाए रखने और आवश्यक संसाधनों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की उच्च स्तरीय बैठक में वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुई। उन्होंने कहा, वैश्विक परिदृश्य के बीच देश की आर्थिक गतिशीलता तथा आवश्यक संसाधनों की निर्बाध उपलब्धता बनाए रखना हमारी साझा प्राथमिकता है। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए प्रभावी एवं दूरगामी कदम आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम भारत की अटूट भावना के साथ, माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम सभी यह सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः संकल्पित हैं कि वैश्विक परिस्थितियों का कोई भी अतिरिक्त भार हमारे आम नागरिकों पर न पड़े। दिल्ली सरकार केंद्र के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित कर नागरिकों की निरंतर सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी तरह तत्पर है।

## अमित शाह ने टीएमसी सरकार के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

## कहा- बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम

(एजेंसी) कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक आरोपपत्र जारी



किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का मुख्य गलियारा बन गया है। गृह मंत्री ने यहां कहा, बंगाल चुनाव न केवल राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद घुसपैठ के रास्ते बंद हो जाने का दावा करते हुए शाह ने कहा कि अब घुसपैठ के लिए पश्चिम बंगाल ही एकमात्र बचा हुआ रास्ता है। भाजपा नेता ने इस मुद्दे को तृणमूल कांग्रेस की तुष्टीकरण और वोट–बैंक की राजनीति से जोड़ा, तथा राज्य सरकार पर सीमा प्रबंधन को मजबूत करने के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने केंद्र के बार–बार अनुरोध के बावजूद सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई और यह इनकार राजनीति से प्रेरित था। उन्होंने कहा, तृणमूल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई है, क्योंकि वे घुसपैठियों का वोट–बैंक बनाना चाहते हैं।

## मुख्यमंत्री मान ने की जनता से अपील- ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद, अफवाहों पर ध्यान न दें

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को जनता को भरोसा दिया कि ईंधन की घबराहट में खरीदारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। मान ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास तेल का पर्याप्त भंडार है, जैसा कि हाल तक रहा करता था। हमारे देश में एलपीजी की आपूर्ति भी पर्याप्त है। मैं लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह करता हूं। हम मांग पूरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोग ईंधन की घबराहट में अंधाधुंध खरीदारी न करें। घरों में बड़ी मात्रा में ईंधन का भंडारण खतरनाक हो सकता है, और मैं ऐसे जोखिम न लेने की सलाह देता हूं। मान शुक्रवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों की बुलाई गई ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान, मान ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं खरीद सत्र पर प्रकाश डाला और आश्वासन दिया कि प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त ईंधन भंडार उपलब्ध है। मान ने कहा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत, हमें राष्ट्रीय कोटे के लिए फसल खरीदनी होती है। हमने कहा कि फसल की सुचारू आवाजाही के लिए ईंधन की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मान ने गेहूं की कटाई और खरीद के बाद धान की बुवाई का सत्र जून में शुरू होने के मद्देनजर केंद्र से पंजाब को डीएपी (डायमोनियम फॉस्फेट) उर्वरक की आपूर्ति को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों या किसी भी अवैध गतिविधि में लिप्त लोगों पर लगाम लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई हैं। हमारी टीम इस दिशा में काम कर रही हैं और 27 मार्च तक 1,497 जांच की गईं और 301 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए।

### ईरान का खतरनाक एक्शनः होर्मुज से गुजर रहा पाकिस्तान का तेल टैंकर उड़ाया

(एजेंसी) तेहरान। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक बड़े तेल टैंकर को नष्ट कर दिया। यह टैंकर कथित रूप से पाकिस्तान के झंडे के तहत चल रहा था और बिना "अनुमति" के इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की कोशिश कर रहा था। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, टैंकर को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उस पर "टारगेटेड स्ट्राइक" की गई, जिसके बाद जहाज पूरी तरह नष्ट हो गया। ईरान ने कहा कि उसकी किसी भी चेतावनी को हल्के में न लिया जाए। उसकी बात न मानने वालों का यही अंजाम होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पहले से ही अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र बना हुआ है, जहां हाल के हफ्तों में कई जहाजों पर हमले और ड्रोन स्ट्राइक की घटनाएं सामने आई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का करीब 20: तेल गुजरता है। यहां किसी भी हमले से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो सकता है। पहले भी कई जहाजों पर हमले हो चुके हैं और समुद्री ट्रैफिक में भारी गिरावट आई है। ईरान ने हाल ही में इस जलडमरूमध्य पर कड़े नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति गुजरने वाले जहाजों पर कार्रवाई की जा सकती है। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, केवल "मित्र देशों" के जहाजों को ही सीमित अनुमति दी जा रही है।

## बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी : ममता बनर्जी

(एजेंसी) कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भाजपा देश में अपनी सत्ता गंवा देगी। बनर्जी ने रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए घोषणा की कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लगातार चौथी बार जीतने के बाद, वह दिल्ली विजय के लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट करेंगी। उन्होंने कहा, अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है, तो वे बुलडोजर चलाकर सबको बाहर निकाल देंगे। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बर्धमान जिले के खनन शहर में आयोजित रैली में कहा, बंगाल को तबाह करने की कोशिश करके, भाजपा पूरे देश में अपनी सत्ता खो देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के



लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। बनर्जी ने कहा, एक लक्ष्मण रेखा जरूर होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सभी सीमाएँ लांघ रही है। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती देते हुए कहा, एसआईआर आपकी मौत की घंटी साबित होगा। मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। बनर्जी ने कहा, मैं निर्वाचित मुख्यमंत्री हूँ, लेकिन उन्होंने सारी शक्तियाँ छीन ली हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में लौटने के बाद हिंसा के जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को तब तनाव फैल गया, जब रामनवमी की शोभायात्राओं के दौरान झड़पें हुईं। इस दौरान कई जगहों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की की घटनाओं की खबरें मिलीं। पुलिस ने बताया कि प्रभावित जंगीपुर और रघुनाथगंज इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान पर भारत की दोटूक प्रतिक्रिया

मै नफीस जाफरी मेरे द्वारा यह संपादकीय लिखे जाने तक अमेरिका और ईरान में पिछले 26 दिनों से जारी जंग को खत्म करवाने के लिए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान आगे आया है और खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश किया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि संघर्ष



नफीस जाफरी

को समाप्त करने के लिए सार्थक और निर्णायक वार्ता की मेजबानी को लेकर उनका देश तैयार है। ट्रंप ने भी शहबाज के इस ट्वीट को शेयर करके हिंट दे दिया है कि पाकिस्तान की इस भूमिका के लिए अमेरिका तैयार है। सवाल है कि आखिर दो देशों की जंग में चौधरी बनकर पाकिस्तान को क्या मिलेगा? जंग को खत्म करने के लिए किसी वार्ता की मेजबानी में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उसके बढ़ते संबंधों और पड़ोसी ईरान के इस्लामिक रिपब्लिक के साथ लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों के कारण संभव मानी जा रही है। दोनों से रिश्ते होने के कारण पाकिस्तान को एक अपेक्षा. त तटस्थ देश की छवि भी मिलती है। कतर जैसे खाड़ी देशों के विपरीत, पाकिस्तान में अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हैं और वह खुद एक सैन्य शक्ति है। इससे ईरान को भी उसपर भरोसा होगा। वहीं अब बात भारत की तो मालूम हो कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच ऑल पार्टी मीटिंग हुई। इस मीटिंग में सरकार ने पश्चिम एशिया के हालात और सरकार की तैयारियों के बारे में बताया। बैठक के दौरान जब विपक्ष ने ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता के ऑफर पर सवाल किया तो विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं हैं। इसी बारे में विपक्षी सांसद धर्मेंद्र यादव और मुकुल वासनिक ने सवाल किया था। इस पर जवाब देते हुए सरकार ने कहा कि पाकिस्तान 1981 से ऐसा करता आ रहा है, इसमें कोई नई बात नहीं है। बैठक में मौजूद एक सदस्य ने बताया कि जयशंकर ने कहा कि भारत, पाकिस्तान की तरह बिचौलिए और दलाल देश के तौर पर काम नहीं करेगा। पश्चिम एशिया के हालात पर लगभग दो घंटे तक ऑल पार्टी मीटिंग चली। बैठक के बारे में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि जितने भी सवाल थे और जो भी भ्रम था, उन सभी को सरकार ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने कई सवाल पूछे कि ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच संघर्ष से पश्चिम एशिया में पैदा हुई स्थिति का भारत पर क्या असर पड़ेगा, और भारत के लोगों के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। सरकार ने इन सवालों के विस्तृत और पूरी तरह से जवाब दिए। यहां यह बता दें कि विपक्ष ने सरकार की विदेश नीति की आलोचना की थी। कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विदेश नीति पर सवाल उठाए थे। ऑल पार्टी मीटिंग में सरकार ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से निपटने के अपने तरीके का जोरदार बचाव किया। पाकिस्तान की ओर से की गई मध्यस्थता की पेशकश पर सरकार ने तर्क दिया कि अगर अमेरिका को पाकिस्तान के जरिए बातचीत करना उपयोगी लगता है तो भारत उसे नियंत्रित नहीं कर सकता। विदेश नीति की आलोचनाओं का जवाब देते हुए सरकार ने कहा कि भारत लगातार सक्रिय रहा है। बयानों, कूटनीतिक पहलों और सभी संबंधित पक्षों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। सरकार ने कभी–कभी खामोशी को एक रणनीतिक हथियार बताया लेकिन इस बात पर भी जोर दिया कि भारत चुपचाप नहीं रहा है। पश्चिम एशिया के हालातों पर जानकारी देने के लिए सरकार की ओर से ये ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई थी। इस मीटिंग की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री मौजूद रहे। वहीं, विपक्ष की ओर से इसमें बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा, जेडीयू से ललन सिंह, कांग्रेस से मुकुल वासनिक और तारिक अनवर, समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव और सीपीएम से जॉन ब्रिटास समेत कई सांसद मौजूद थे। इसके अलावा हैदराबाद से एमआईएमआइएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी इस बैठक में शामिल हुए। ऑल पार्टी मीटिंग के फैसले को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देर से उठाया गया कदम बताते हुए सरकार की विदेश नीति की आलोचना की और सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अहम चर्चा में शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं। विपक्षी दलों ने कहा था कि यह बैठक बहुत पहले ही हो जानी चाहिए थी और उन्होंने प्रधानमंत्री की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि बड़े वैश्विक संकटों के दौरान ऐसी चर्चाओं का नेतृत्व पारंपरिक रूप से प्रधानमंत्री ही करते आए हैं। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि जब भी किसी गंभीर मुद्दे पर ऐसी बैठकें होती हैं, तो प्रधानमंत्री चाहे वे मनमोहन सिंह हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों, या पी.वी. नरसिम्हा राव... हमेशा उनमें शामिल हुए हैं।

यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री इसमें हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि ईरान के प्रति सरकार के रवैये से देश में ही संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि श्हम शुरू से ही यह कहते आ रहे हैं कि इस पर चर्चा होनी चाहिए और सरकार को युद्ध की वजह से देश को जिन भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, उनके लिए तैयार रहना चाहिए। जबकि भाजपा ने विपक्ष के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है और उन्होंने एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, कुछ लोग गैर–जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। वे इसे एक नाकाम विदेश नीति या एक ठप पड़ी अर्थव्यवस्था बता रहे हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं या फिर वे खुद देश के ही खिलाफ विपक्ष के नेता बन गए हैं। वे देश और देश की जनता के ही खिलाफ खड़े हो गए हैं।

# अजित के क़रीबियों से आख़िर क्यों नाराज़ हैं सुनेत्रा पवार?



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के एक पत्र ने एनसीपी के अंदर सियासी हलचल तेज कर दी है। सुनेत्रा पवार ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि 28 जनवरी 2026 के बाद पार्टी की ओर से किए गए किसी भी पत्राचार को वैध न माना जाए। उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के इस कदम को सीधे तौर पर उस अवधि से जोड़कर देखा जा रहा है जब पार्टी के अहम फैसले वरिष्ठ नेताओं सुनील तटकरे और प्रफुल पटेल के नेतृत्व में लिए जा रहे थे। ऐसे में उस दौरान हुई नियुक्तियों, गठबंधन के निर्णयों और चुनाव आयोग को सौंपे गए दस्तावेजों की वैधता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। दरअसल, पत्र में उल्लेख किया गया है कि 26 फरवरी 2026 को वर्ली (मुंबई) में पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ था। इसमें सांसदों, विधायकों और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही पार्टी संविधान में संशोधन भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। निर्वाचन आयोग को भेजे गए दस्तावेजों में राष्ट्रीय सम्मेलन का विवरण, निर्वाचित सदस्यों की सूची और पार्टी संविधान की प्रति शामिल है। इस पत्र के बाद एनसीपी के भीतर शक्ति संतुलन बदलने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि यह कदम पार्टी के अंदरूनी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है और बड़े नेताओं के वर्चस्व को चुनौती दे सकता है। ऐसे में महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी संग्राम देखने को मिल सकता है। महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष को लेकर एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया है। एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता रोहित पवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि पार्टी को "हाईजैक" करने की साजिश रची गई थी, जिसमें सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल की भूमिका की जांच होनी चाहिए। रोहित पवार ने कहा कि सुनेत्रा पवार द्वारा 10 मार्च को चुनाव आयोग को लिखे गए पत्र में स्पष्ट रूप







से उल्लेख किया गया है कि 28 जनवरी 2026 को अजित पवार की मृत्यु के बाद से लेकर उनके (सुनेत्रा पवार) राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने तक पार्टी से जुड़े सभी फैसले, संशोधन और पत्रों को निरस्त माना जाए। उन्होंने कहा कि यह पत्र खुद इस बात का संकेत देता है कि उस दौरान लिए गए फैसलों की वैधता पर सवाल खड़े होते है। रोहित पवार ने 16 फरवरी को सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र का भी जिक्र किया। इस पत्र में एनसीपी के संविधान में संशोधन की जानकारी दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सभी अधिकार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को दिए जाएंगे–और यह पद प्रफुल्ल पटेल के पास था.रोहित पवार ने सवाल उठाया कि क्या यह संशोधन पहले से रची गई रणनीति का हिस्सा था, ताकि पार्टी की कमान अपने हाथ में ली जा सके। शरद पवार ने तब बारामती में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था कि उन्हें इस शपथ ग्रहण समारोह (सुनेत्रा के डिप्टी सीएम पद) के बारे में जानकारी नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा था कि न तो परिवार में इसको लेकर कोई चर्चा हुई और न ही उनसे कोई सलाह ली गई। उन्होंने कहा था, यह पार्टी (अजित पवार गुट) का फैसला रहा होगा। उन्हें सुनेत्रा पवार के शपथ लेने की खबर मीडिया रिपोर्ट के जरिये मिली। अजित पवार की मौत से पहले दोनों गुटों के विलय की संभावनाओं पर भी पवार ने स्पष्ट किया था कि एनसीपी के दोनों गुटों के बीच जो बातचीत चल रही थी, वह सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही थी। रोहित पवार ने आगे कहा कि 28 जनवरी को अजित पवार का हादसा हुआ और महज दो दिनों के भीतर ही भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बता दिया। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सिर्फ एक संयोग था या फिर इसके पीछे कोई बड़ी साजिश थी, जिसमें बाहरी राजनीतिक ताकतें भी शामिल थीं। रोहित पवार ने एक और चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि अजित पवार के दुर्घटना से पहले उनके आवास के बाहर "काला जादू" किया गया था। उन्होंने कहा कि इन सभी घटनाओं को जोड़कर देखा जाए तो यह मामला बेहद गंभीर बन जाता है और इसकी निष्पक्ष आपराधिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में कर्नाटक सरकार द्वारा बेंगलुरु में एक जीरो एफआईआर दर्ज की गई है, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए महाराष्ट्र के डीजीपी को ट्रांसफर कर दिया गया है। रोहित पवार ने आरोप लगाया कि सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल ने एनसीपी के विधायकों को अजित पवार के विमान हादसे पर बोलने से रोका। उन्होंने यह भी कहा कि जय पवार की आवाज को भी दबा दिया गया, जो इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले थे।

# यूएनओ को डर कहीं इजरायल लेबनान का हाल भी गाज़ा जैसा न करे



फरीद वारसी

ईरान से लगभग एक महीने से जारी जंग के बीच अमेरिकी सेना में भर्ती के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है कि अब वे अमेरिकी नागरिक भी अमेरिकी सेना में भर्ती हो सकेंगे जो गांजे (मारिजुआना) के साथ पहले पकड़े जा चुके हैं और उनपर ऐसे मामले दर्ज हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सेना ने भर्ती की अधिकतम उम्र बढ़ाकर 42 साल कर दी गई है। नई अमेरिकी सेना के नियम के अनुसार अब 42 साल तक के लोग सेना, आर्मी नेशनल गार्ड और आर्मी रिज़र्व में भर्ती हो सकते हैं। पहले भर्ती की अधिकतम उम्र 35 साल थी। 20 मार्च को आर्मी हेडक्वाटर की ओर से जारी लेटर के अनुसार सेना ने उन उम्मीदवारों पर लगी पाबंदी हटा दी है जिन पर मारिजुआना (गांजा) या उससे जुड़े सामान जैसे बोंग और पाइप रखने का केवल एक बार का मामला दर्ज है। पहले ऐसे मामले में भर्ती होने के लिए पेंटागन के अधिकारियों से विशेष अनुमति लेनी पड़ती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। साथ ही उम्मीदवार को भर्ती होने से पहले 24 महीने इंतज़ार करना पड़ता था और ड्रग टेस्ट पास करना भी जरूरी होता था। वहीं दूसरी ओर अगर लेबनान को लेकर इजरायल की योजना की बात की जाए तो क्या ईरान जंग का फायदा उठाकर इजरायल लेबनान पर उसी तरह कब्जा कर रहा है जैसा कि उसने गाजा में किया है? संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ठीक यही डर जताया है। उन्होंने कहा कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हो रही लड़ाई कहीं लेबनान को उसी हाल में नहीं पहुंचा दे जैसा हाल गाजा का हुआ है। गाजा फिलिस्तीनी क्षेत्र है और कई सालों के संघर्ष से बुरी तरह तबाह हो चुका है। चलिए आपको बताते हैं कि जंग के बीच इजरायल लेबनान में क्या कुछ कर रहा है? इजरायल ने लगभग दो दशकों तक दक्षिणी लेबनान पर कब्जा रखा था और वर्ष 2000 में वहां से निकला था। लेबनान इजरायल के उत्तर में मौजूद पड़ोसी देश है और वहां हिजबुल्लाह की मौजूदगी है जिसे इजरायल अपना दुश्मन मानता है। हिजबुल्लाह को ईरान का सपोर्ट है और जैसे ही ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की जंग शुरू हुई, इजरायल ने लेबनान पर भी हमला शुरू कर दिया। इजरायल ने जमीन पर भी सैनिक भेजे हैं ताकि सीमा से लगभग 30 किलोमीटर (20 मील) दूर तक लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण लिया जा सके और एक बफर जोन बनाया जा सके। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सेना पहले ही एक "वास्तविक सुरक्षा जोन"




बना चुकी है और अब उसे और बढ़ाया जा रहा है, जिससे सेना लेबनान के अंदर और आगे तक जा रही है। नेतन्याहू ने अपने ऑफिस द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, हम बस एक बड़ा बफर जोन (सुरक्षा क्षेत्र) बना रहे हैं, जिससे इजरायल पर जमीनी हमला और मिसाइल हमले रोके जा सकें।" इजरायल के रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ ने कहा था कि उनकी सेना दक्षिणी लेबनान में लितानी नदी तक का इलाका कब्जे में लेगी। यह पहली बार है जब इजरायल ने साफ–साफ बताया है कि वह लेबनान के लगभग दसवें हिस्से के बराबर इलाके पर कब्जा करना चाहता है। काट्ज पहले भी लेबनान की सरकार को धमकी दे चुके हैं कि अगर उसने हिजबुल्लाह को हथियार डालने के लिए मजबूर नहीं किया तो उसे अपना इलाका खोना पड़ सकता है। हिजबुल्लाह ने 2 मार्च को इजरायल पर हमला किया और इसकी वजह से लेबनान भी अमेरिका–इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध में खींचा चला आया। इजरायल के लेबनान पर हमलों से देश के दक्षिणी हिस्से और राजधानी बेरूत के कुछ भागों में भारी तबाही हुई है और 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 10 लाख से ज्यादा लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख ने इजरायल की कार्रवाइयों की आलोचना की है, खासकर बड़े पैमाने पर जारी किए गए खाली करने के आदेशों को लेकर। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मरने वालों में लगभग 120 बच्चे, 80 महिलाएं और 40 चिकित्सा कर्मी शामिल हैं। हालांकि मंत्रालय यह अलग–अलग नहीं बताता कि उनमें नागरिक कितने थे और लड़ाके कितने. इस लड़ाई में लेबनान में दो इजरायली सैनिक भी मारे गए हैं।

# बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

जगदीश रत्तनानी

किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को श्इतना बड़ा कि फेल नहीं हो सकता की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज़्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफे के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरुआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा–बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर–तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने श्मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दर्शाता है। फिर भी, जैसा कि इस्तीफे के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में




बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दर्शाती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज़्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ–साफ और विस्तार से बतानी चाहिए थीं, न कि सिफ 'अस्पष्ट इशारे करके चले जाना चाहिए था। इस बात में दम है, लेकिन निवर्तमान चेयरमैन के इस कदम का एक और भी बड़ा पहलू यह है कि उन्होंने बेझिझक होकर अपनी चिंताएं लिखित रूप में जाहिर कीं। इस तरह उन्होंने बैंक के कामकाज के कुछ पहलुओं पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर किया– खासकर ऐसे माहौल में, जहां इस तरह के मुद्दों पर आम तौर पर खुलकर चर्चा नहीं होती। इसके अलावा एचडीएफसी के मामले को एक व्यापक नजरिए से और प्रशासन–प्रणाली के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ये प्रणालियां भले ही बेहतर हो रही हैं लेकिन अभी भी उनमें सुधार की काफी गुंजाइश है। यह बात बोर्ड स्तर पर विशेष रूप से लागू होती है जहां डायरेक्टर लोग उतने सवाल नहीं उठाते जितने उन्हें उठाने चाहिए, जहां मतभेद या असहमति को आम तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता और जहां मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के बजाय उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह बात ध्यान देने लायक है कि चेयरमैन के इस्तीफे के तुरंत बाद (उससे पहले नहीं) बैंक ने तीन वरिष्ठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। खबरों के मुताबिक इन कर्मचारियों को दुबई में बॉन्ड की श्गलत बिक्रीश में उनकी भूमिका के कारण हटाया गया था। मोटे तौर पर घोटालों की एक के बाद एक घटनाओं से भारतीय बैंकों की साख प्रभावित हुई है। इनमें सबसे ताजा और चौंकाने वाला मामला आईएफडीसी फर्स्ट बैंक का है। इस बैंक के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने सामूहिक साजिश रची और हरियाणा सरकार के खाते में 583 करोड़ रुपये का भारी–भरकम घोटाला कर दिया। बैंक ने धोखाधड़ी की पूरी रकम चुका दी है और अब यह मामला सुर्खियों से गायब हो चुका है। इस पर शायद ही कोई सवाल उठाया गया है कि ऐसी धोखाधड़ी की योजना कैसे बनाई गई और उसे किस तरह अंजाम दिया गया। हाल ही में मुख्य रूप से ऑटो–टैक्सी ड्राइवरों और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बने छोटे श्न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंकश का पतन बैंक के शीर्ष स्तर पर हुई संदिग्ध डीलिंग्स से जुड़ा था। सारस्वत बैंक द्वारा अधिग्रहण किए जाने से स्थिति संभल गई और छोटे जमाकर्ताओं के पैसे सुरक्षित हो गए इसलिए अब इस मामले को लगभग भुला दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य बड़े बैंकिंग घोटाले भी हुए हैं– आईसीआईसीआई बैंक में हुए उस चौंकाने वाले घोटाले का जिक्र तो अभी किया ही नहीं गया है जिसकी वजह से उसकी सीईओ चंदा कोचर को 2019 में पद से हटा दिया गया था। इसमें अन्य घोटालों की लंबी फेहरिस्त को भी जोड़ लें (आरबीआई की शरिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया, 2024–25 के अनुसार, 2024–25 में सभी घोटालों की कुल राशि 34,771 करोड़ रुपये थी जबकि 2019–20 में यह आंकड़ा 1,54,096 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था) तो इस क्षेत्र पर लोगों का भरोसा एक चिंताजनक मोड़ ले लेता है। एचडीएफसी बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ–साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निर्देशों के साथ–साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निर्देशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे विजन स्टेटमेंट के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। निर्देशों का वास्तविक अर्थ है– कठिन मुद्दों को सामने लाना और उन पर खुलकर चर्चा करना। भले ही इससे अल्पकाल में कुछ असहजता का सामना करना पड़े लेकिन इसका अंतिम लक्ष्य होना चाहिए उलंघनों पर रोक लगाना, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और दीर्घकाल में विश्वास का निर्माण करना। जब बोर्ड कठिन मुद्दों को पूरी गंभीरता से सुलझाने के लिए तत्पर होंगे और जहां आवश्यक हो वहां कठोर कार्रवाई का समर्थन करेंगे तभी निचले स्तर पर कार्यरत लोगों तक सही संदेश पहुंच पाएगा। विकास के पीछे पागलपन की हद तक भागना और लक्ष्य निश्चित करना, यह सब उच्च पदस्थ लोगों के सुर से सुर मिलाने का ही एक हिस्सा है। यह माहौल एक ऐसा जहरीला वातावरण पैदा कर सकता है जिसमें गलत लोग भी अच्छे, बल्कि कहें तो बेहतरीन नतीजे दे सकते हैं। वे भले ही श्स्टार परफॉर्मरश बन जाएं लेकिन ट्रैफिक सिग्नलों को नजरअंदाज कर तेजी से दौड़ने वाली गाड़ी आखिरकार दुर्घटनाग्रस्त हो ही जाती है। इस दुर्घटना का जिम्मेदार कौन है– वह गलत व्यक्ति या फिर वह माहौल जिसने उस गलत व्यक्ति को पैदा किया? इस सवाल का जवाब हमें शासन–प्रशासन की उन जटिलताओं की ओर इशारा करता है जहां आज के दौर में आंकड़ों में विकास ही सफलता का एकमात्र पैमाना बन चुका है।

# चूहे व छछूंदर से फैलने वाले रोगों से कराया अवगत

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। विगत वर्षों की भाति संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक (प्रथम चरण) के सफल क्रियान्वयन हेतु आज विभाग के सभी क्षेत्रीय कार्मिकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण .षि भवन सभागार में आयोजित किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी उमेश कुमार ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को चूहे एवं छछूंदर के माध्यम से फैलने वाले रोगों से अवगत कराया। उन्होनें कहा कि यह कार्य जनसामान्य के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। सभी कर्मचारी अपनी—अपनी न्याय पंचायत अन्तर्गत आवंटित ग्रामों में छोटी—छोटी गोष्ठियां कर किसानो को चूहा एवं छदूदर के नियन्त्रण करने एवं मच्छररोधी पौधे जैसे लेवेण्डर, नीम, तुलसी, लेमनग्रास व गेंदा लगाने के प्रचार—प्रसार करे। उन्होने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु जन—जागरूकता पर बल देते हुए .षको, जनसामान्य को चूहे, छछूंदर को नियंत्रण के लिए प्रेरित किया जाय। संचारी रोगो के प्रसार के लिए चूहा एवं छछूदर भी उतरदायी है जिसके रोकथाम के लिए घरो में ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रति० के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा या जिंक फास्फाइड की 80 प्रतिशत की 10 ग्राम की मात्रा को 10 ग्राम सरसों के तेल एवं 380 ग्राम भूने दाने में बनाये गये चारे को बिल में रखने से चूहे खाकर मर जाते है। एल्यूमिनियम फास्फाइड 50 प्रतिशत की 3—4 ग्राम मात्रा प्रति जिन्दा बिल में डालकर बिल को बन्द कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। रसायन के प्रयोग करने में अपनायी जाने वाली सावधानियों को भी किसान भाइयों को बताया जाय। प्रशिक्षण में राज नाथ सिंह यादव, व० प्रा०स० ग्रुप—वी/प्रभारी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप—ए अशोक कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप—बी (.0र0) एवं समस्त विकास खण्ड स्तरीय सहायक विकास अधिकारी .षि.0र0 तथा समस्त क्षेत्रीय कर्मचारी मौजूद थे। संचारी रोगो की रोकथाम एवं नियन्त्रण के सम्बन्ध में अपना—अपना मत रखे।

# बार चुनाव में नामांकन पूरा, अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। विभिन्न पदों के लिए बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिससे चुनावी माहौल गर्मा गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र सिंह, शेरसिंह और अभय सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की है, जिससे इस पद पर मुकाबला रोचक होने की संभावना है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत ने जानकारी देते हुए बताया कि महासचिव पद पर कोमल सिंह, गुलसिताब, मनोज कुमार, तेज सिंह सैनी और संजीव कुमार ने नामांकन किया है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए करतार सिंह, संदीप कुमार, छतर पाल और इसरार उर्फ राजा मैदान में हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी और विकास नारायण यादव, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर मोहित कुमार, शाहबाज अहमद और मोहम्मद शारिक ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए कविता चौधरी, शबाना और प्रीति चौहान, जबकि सांस्.तिक सचिव पद पर पूजा और वंदना आजाद ने दावेदारी पेश की है। संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन पद पर अभिषेक अग्रवाल, नितिन कुमार और राजीव धीमान के अलावा वरिष्ठ गवर्निंग काउंसिल के लिए मोहम्मद आदिल अहमद, अजीत कुमार खन्ना, ईशाक मंसूर, हेमंत राजपूत, शमीम अख्तर, विश्वनाथ शर्मा, सतीश कुमार और अमित कुमार ने नामांकन दाखिल किया। कनिष्ठ गवर्निंग काउंसिल में नवील अहमद, आदित्य कुमार, संगीता कुमारी, परवेंद्र सिंह, जीशान आलम, हनुमान सिंह चौहान और मोहम्मद काशिद ने अपने पर्चे भरे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन के साथ नरेंद्र सिंह, ओमेंद्र त्यागी, बलवंत सिंह, धर्मपाल सिंह और वीरेंद्र पाल सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जेवर को लेकर अटका निकाह, दुल्हन की रुखसती पर रोक

न्यूज वाणी ब्यूरो /नहटौर, बिजनौर। निकाह के बाद दुल्हन के जेवर को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि खुशियों का माहौल तनाव में बदल गया। वधू पक्ष ने जेवर मिलने तक दुल्हन की रुखसती से साफ इनकार कर दिया। शुक्रवार को दूसरे दिन भी मामला सुलझ नहीं सका। जानकारी के अनुसार ग्राम खजूरा जट निवासी युवती का निकाह बृहस्पतिवार को नूरपुर से आई बरात के साथ तालमपुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। आरोप है कि निकाह से पहले ही वधू पक्ष ने दुल्हन के जेवर की मांग रखी थी, लेकिन वर पक्ष इस पर टालमटोल करता रहा और जल्द व्यवस्था करने की बात कहता रहा। इसी बीच कुछ लोगों के कहने पर निकाह की रस्म पूरी करा दी गई, लेकिन बाद में वर पक्ष ने जेवर चोरी हो जाने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। यह सुनते ही दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। वधू पक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक जेवर नहीं मिलेंगे, दुल्हन की विदाई नहीं होगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया और आपसी सहमति से समाधान निकालने की सलाह दी। हालांकि, बृहस्पतिवार को रुखसती नहीं हो सकी और मामला अगले दिन तक टल गया। शुक्रवार को भी बिरादरी के लोग समझौते की कोशिशों में लगे रहे, लेकिन देर शाम तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। पुलिस का कहना है कि यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर दी जाती है तो मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर सेंट्रल-कोलकाता विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 04153 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता | | | 04154 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| गुरु. | 13:00 | कानपुर सेंट्रल | 07:10 | शनि. |
| 14:00 | 14:02 | फतेहपुर | 03:28 | 03:30 |
| 15:55 | 16:00 | प्रयागराज जं. | 02:10 | 02:15 |
| 17:55 | 17:57 | मिर्जापुर | (शनि.) 00:10 | 00:12 |
| 19:40 | 19:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 23:00 | 23:07 |
| 21:00 | 21:02 | सासाराम | 21:18 | 21:20 |
| 21:20 | 21:22 | डेहरी ऑनसोन | 21:00 | 21:02 |
| 22:35 | 22:40 | गया | 19:45 | 19:50 |
| 23:50 | 23:52 | कोडरमा | 17:50 | 17:52 |
| (शुक्र.) 00:35 | 00:37 | पारसनाथ | 17:18 | 17:20 |
| 00:45 | 00:47 | गोमो | 16:58 | 17:00 |
| 01:40 | 01:45 | धनबाद | 16:30 | 16:35 |
| 02:45 | 02:50 | आसनसोल | 14:45 | 14:50 |
| 03:20 | 03:22 | दुर्गापुर | 14:13 | 14:15 |
| 04:51 | 04:53 | बर्द्धमान | 13:10 | 13:12 |
| 05:34 | 05:36 | बैण्डेल | 12:08 | 12:10 |
| 06:48 | 06:50 | नैहाटी | 11:30 | 11:32 |
| 07:50 | शुक्र. | कोलकाता | शुक्र. | 10:45 |

**कानपुर सेंट्रल सेः** गाड़ी सं. 04153, प्रत्येक गुरुवार, दिनांक 02.04.2026 से 25.06.2026, **कोलकाता सेः** गाड़ी सं. 04154, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक 03.04.2026 से 26.06.2026, **गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणी-05, स्लीपर श्रेणी-09 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 683/26 (ADM)

# स्वच्छता केवल घर तक सीमित नहीं होनी चाहिए

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला गंगा समिति के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दोहरीघाट स्थित पर्वती महिला महाविद्यालय में स्वच्छ ग्राम निर्मल नदी स्वच्छता सैनिकों हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को सु.ढ़ बनाना व नदियों के संरक्षण हेतु स्वच्छता सैनिकों को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम में घोसी एवं मधुबन तहसील से आए 600 से अधिक सफाई कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल घर तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह एक व्यवहार है जो गांवों से निकलकर पूरे वातावरण में फैलता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और एक स्वस्थ नागरिक ही सशक्त



राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी स्वच्छता कर्मियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना अधिकारी डॉ. हेमंत यादव ने उपस्थित स्वच्छता सैनिकों को ग्राम एवं नदी स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न तरीकों, जैसे कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता के गुणों को अपनाने तथा अपने—अपने क्षेत्रों में जन—जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्.तिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रसिद्ध लोक गायिका मंजू चौहान ने अपने गीतों के जरिए उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता और प्र.ति संरक्षण के प्रति जागरूक किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विपिन द्विवेदी, डॉ. सुनील त्रिपाठी, शिवम गुप्ता, आशुतोष चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जन—जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने—अपने क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। यह कार्यशाला स्वच्छ भारत मिशन और नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# केडीसी क्रिकेट एकेडमी की अंडर-12 क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ

## - 14 सदस्यीय कुल चार टीमों के बीच प्रारंभ हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी द्वारा अंडर—12 क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया गया। 14 सदस्यीय कुल चार टीमों के बीच यह प्रतियोगिता खेली जा रही है। उद्घाटन के मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह (प्रांत उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती) व विशिष्ट अतिथि सचिव किसान डिग्री कॉलेज मेजर डॉ एसपी सिंह ने खिलाडियो से परिचय पाप्त कर शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला केडीसी राइजिंग स्टार्स एवं केडीसी पावर हिटर्स के बीच खेला गया। टॉस जीत कर राइजिंग स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35—35 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग स्टार्स के बल्लेबाज 21वें ओवर में 155 रनों पर ऑल आउट हो गए। उत्सव सिंह ने सर्वाधिक 56 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उसके अलावा कप्तान उजैर अली ने 19 रनों का योगदान दिया। पावर हिटर्स की तरफ से .ष्णा ने तीन एवं मोहम्मद आसिफ ने दो विकेट अपने नाम किये। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर हिटर्स के बल्लेबाज जिम्मेदारी से नहीं खेले और पूरी टीम 21वें ओवर में 140 रनों पर ऑल आउट हो गई। राघव मिश्रा ने सर्वाधिक 29 एवं .ष्णा ने 23 रनों का योगदान दिया। राइजिंग स्टार्स की तरफ से मयंक एवं आरेज खुर्शीद ने तीन—तीन एवं उजैर अली ने दो विकेट अपने नाम किए । मैच में उत्कर्ष प्रदर्शन की बदौलत मयंक पांडे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।



आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका प्रदीप गुप्ता एवं आशुतोष कैराती ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में लक्ष्य कनौजिया मौजूद रहे। इस दौरान पंकज सिंह, आयुष चित्रांश, हर्षित मिश्रा, अजय प्रताप, अजय त्रिपाठी, एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# गोकशी कांड के दो आरोपी गिरफ्तार, एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। गोकशी



की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरतार कर लिया। इस कार्रवाई में एक आरोपी घायल भी हुआ, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार 27 मार्च को नजीबाबाद कस्बे में सेंट मैरी चर्च के पीछे कच्चे रास्ते पर गौवंशीय अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में थाना नजीबाबाद पर गोवध निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया। शनिवार को जांच के दौरान पुलिस ने पहले दो संदिग्धों आमिर निवासी अकबराबाद और शहजाद उर्फ युसुफ निवासी नगीना.को गिरतार किया। पूछताछ और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस जाफराबाद के जंगल क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक दिखाई दिए। पुलिस के रुकने के इशारे को नजरअंदाज कर दोनों आरोपी भागने लगे और पीछा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक आरोपी नईम उर्फ गुज्जू कुरैशी के पैर में लगी, जिसके बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके साथ मौजूद दूसरे आरोपी हसीन उर्फ चुग्गा को भी गिरतार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, पशु वध में प्रयुक्त उपकरण जैसे छुरी, कुल्हाड़ी, रस्सी और वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी गोकशी की घटना में शामिल थे और उनसे आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस टीम में शामिल अधिकारी प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक सौरभ सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# एसडीएम ने नानौता थाने का किया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। उपजिलाधिकारी डॉ पूर्वा शर्मा द्वारा थाना दिवस के चलते थाना नानौता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी एवं थाना दिवस पर उपस्थित कर्मचारियों एवं संबोधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार की शुबह थाना नानौता में थाना दिवस को लेकर आम जन पहुंचे थे।

इसी क्रम में तहसील रामपुर उपजिलाधिकारी डॉ पूर्वा शर्मा पहुंची उन्होंने पहले थाना कार्यालय का बारीकी से निरिक्षण किया। थाना प्रभारी से कानून वयवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान थाना दिवस पर पहुंचे फरयादियों की समस्याओं का निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# रुद्रांश का विस्फोटक दोहरा शतक, स्टार ने इनरिच को हराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नगर के सहादतपुरा मैदान पर स्टार क्रिकेट एकेडमी बड़हलगंज तथा इनरिच क्रिकेट एकेडमी के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में स्टार ने इनरिच को हरा दिया। इनरिच की ओर से खेल रहे रुद्रांश सोमवंशी द्वारा शानदान खेल का एकतरफा प्रदर्शन करते हुए विस्फोटक दोहरा शतक लगाया गया पर यह इनरिच को हार से नहीं बचा सका। टास जीतकर स्टार क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का चयन किया। दोनों ओपनर में सुंदर ने 40 व जैनु ने 36 रन बनाए। दोनों विकेट 91 रन के भीतर गिरने के बाद हर्षित ने पारी संभालते हुए 43 गेदों में 114 रनों की धुंआधार पारी खेली। हर्षित के बाद बल्लेबाजी करने आए यश ने 39 गेदों में 113 बनाकर मैच का रुख मोड़ दिया। उनके साथ खेलते हुए सरोज ने 52, प्रखर ने 33 और राजू ने 23 रन बनाए। स्टार ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इनरिच क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत ठीक नहीं रही। एक छोर पर खड़े रुद्रांश सोमवंशी ने 261 रन की धुंआधार पारी खेलते हुए अंत तक संघर्ष करते रहे, पर साथ न मिलने के कारण वह इसे जीत में नहीं बदल सके। अपने शानदान खेल के दौरन रुद्रांश सोमवंशी ने अपनी पारी में 33 गगनचुंबी छक्के और 14 आकर्षक चौके लगाए। एक छोर पर मुस्तैदी से खड़े रुद्रांश को उनकी टीम का साथ नहीं मिलने के कारण जीत के निकट पहुंचकर भी मैच पराजय में बदल गया। दीपक के रुप में पहला विकेट मात्र 13 रन पर गिर गया। इसके उपरांत अंश चंद्रा ने 52 रन की अच्छी पारी खेलकर आउट हो गए। अंश के बाद शिवम 15 और अभिषेक भी 10 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। इनरिच क्रिकेट एकेडमी ने 30 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 420 रन ही बना सकी। मैच ऑफ द मैन यश रहे, जिन्होंने 113 रन बनाने के साथ एक विकेट भी प्राप्त किया।

# सरकारी भूमि पर किये अवैध कब्जे हुए जमीदोज

## – अवैध कब्जे की शिकायत पर एसडीएम नानपारा का कड़ा रुख

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीएम की तत्परता के चलते शिकायत मिलते ही राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया। ग्राम पंचायत कलवारी में गाटा संख्या 704, रकबा 0.293 हेक्टेयर भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में शमशान भूमि के रूप में दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। दूरभाष पर प्राप्त हुई शिकायत के सम्बन्ध मौके पर पहुंची राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होनें पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराकर पुनः सुरक्षित कराया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी



कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर न सिर्फ कब्जा हटाया जाएगा, बल्कि दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की है कि स्वेच्छा से अवैध कब्जों को हटा लें अन्यथा की स्थिति में कब्जा हटाने के साथ साथ सम्बन्धित के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# केरला मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुहम्मदाबाद, गाजीपुर। युसूफपुर स्थित केरला मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी मीरा राय के मुख्य आतिथ्य में गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सवमयी और आध्यात्मिक वातावरण बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से



हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के पूर्वी उत्तर प्रदेश के कोऑर्डिनेटर बृजमोहन ने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता बताते हुए कहा कि यह विभिन्न भाषाओं और संस्.तियों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करती है। सांस्.तिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्र—छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। हरियाणवी नृत्य, समूह नृत्य, स्वच्छता अभियान पर आधारित गीत, दक्षिण भारतीय नृत्य, नारी सम्मान पर प्रस्तुति तथा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एकांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने सभी प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नर्सरी से कक्षा 8 तक के मेधावी छात्र—छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं चेक देकर सम्मानित किया। साथ ही समाजसेवी मीरा राय, साहित्यकार एवं कवि सी.पी. सुमन, वरिष्ठ अधिवक्ता अख्तर यजदानी अब्बासी, राजनीतिक कार्यकर्ता दीपू गुप्ता तथा पत्रकार राज कपूर रावत को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्यन एवं नम्रता ने संयुक्त रूप से किया। अंत में विद्यालय के निदेशक श्याम जी जायसवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वृद्धावस्था पेंशन योजना आवेदन हेतु निर्देश जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना आवेदन पत्र स्वी.ति एवं वितरण इन्टरनेट आधारित प्रणाली द्वारा किये जाने के संबंध मे निर्गत शासनादेश मे आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके द्वारा आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण पत्र के रूप मे स्वीकार न किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ द्वारा आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के प्रमाण के रूप मे मान्य नही किया गया है इस लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना आवेदन के लिए आवेदक की आयु की गणना हेतु आधार कार्ड मे अंकित जन्म तिथि को आयु के प्रमाण के रूप मे मान्यता नही दिये जाने के रूप मे निर्णय लिया गया है। वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन के लिए आवेदक की आयु का प्रमाण पत्र (परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति) अथवा शैक्षिक अर्हता से संबंधित प्रमाण पत्र जिसमे जन्मतिथि का अंकन होगा। आयु प्रमाण पत्र के रूप मे कुटुम्ब परिवार रजिस्टर की सत्यापित प्रति अथवा शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र को ही मान्यता प्रदान की गयी है।

# बाथरूम की खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, आठ लाख नकदी व जेवरात पार

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। मोहल्ला चिम्मन में चोरों ने पेट्रोल पंप मालिक के घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर बाथरूम की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और नकदी व कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला चिम्मन जलीलपुर मार्ग स्थित निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता के मकान में उनके भतीजे मुकुल गुप्ता भी रहते हैं। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार रात चोर मकान के पीछे से दाखिल हुए और भतीजे के कमरे के बाथरूम की खिड़की तोड़कर अंदर पहुंच गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब 8 लाख रुपये की नकदी और लगभग 60 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान में दो हार, दो अंगूठियां, एक चेन, कानों के आभूषण तथा चांदी के कुछ जेवर शामिल बताए गए हैं। घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला, जब नौकर ने मकान के पीछे सामान बिखरा देखा और बाथरूम की टूटी खिड़की नजर आई। इसके बाद परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रकाश कुमार फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और जांच—पड़ताल की। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट सप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट सप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट सप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 04151 कानपुर सेन्ट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | | | 04152 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेन्ट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:00 | कानपुर सेन्ट्रल | 15:45 | ---- |
| 14:00 | 14:02 | फतेहपुर | 14:15 | 14:17 |
| 14:45 | 14:47 | सिराथू | 13:33 | 13:35 |
| 15:03 | 15:05 | भरवारी | 13:15 | 13:17 |
| 16:40 | 16:45 | प्रयागराज जंक्शन | 12:40 | 12:45 |
| 18:48 | 18:50 | डभौरा | 10:55 | 10:57 |
| 21:05 | 21:10 | सतना जंक्शन | 08:40 | 08:50 |
| 22:20 | 22:22 | कटनी जंक्शन | 07:25 | 07:30 |
| 23:30 | 23:40 | जबलपुर जंक्शन | 06:15 | 06:25 |
| 03:25 | 03:35 | इटारसी जंक्शन | 02:55 | 03:00 |
| 08:00 | 08:05 | भुसावल जंक्शन | 23:00 | 23:05 |
| 11:55 | 12:00 | इगतपुरी | 19:35 | 19:40 |
| 14:55 | ---- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | ---- | 17:15 |

• **कानपुर सेन्ट्रल से** - गाड़ी संख्या 04151 (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 03.04.2026 से 10.07.2026 • **लोकमान्य तिलक टर्मिनस से** - गाड़ी संख्या 04152 (प्रत्येक शनिवार) दिनांक 04.04.2026 से 11.07.2026 • **गाड़ी संरचना** - सामान्य श्रेणी-08, स्लीपर श्रेणी-09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 689/26 (C)

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं

## – थाना बढ़पुरा व पछायगांव में पहुंचे एसएसपी, समयबद्ध निस्तारण पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। माह के चतुर्थ शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बढ़पुरा एवं थाना पछायगांव में पहुंचकर जन शिकायतों को



सुना गया। इस दौरान थाना दिवस पर आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेंट ज़ेवियर्स में ग्रेजुएशन सेरेमनी का हुआ आयोजन

## – विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन गाउन व कैप पहनाकर बढ़ाई शोभा

फतेहपुर। सेंट ज़ेवियर्स हाईस्कूल में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हे–मुन्ने विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन एवं कैप पहनकर समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक नीतीश कुमार एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने दीप



प्रज्जवलन एवं प्रार्थना के साथ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। रंग–बिरंगे परिधानों और आत्मविष्वास से भरपूर प्रस्तुति ने समारोह को यादगार बना दिया। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर हमारे नन्हे विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह केवल एक कक्षा से दूसरी कक्षा में प्रवेश नहीं, बल्कि आत्मविष्वास, ज्ञान और नए सपनों की ओर बढ़ता एक सुंदर कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्राप्त संस्कार, शिक्षा और अनुशासन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने अभिभावकों को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रबंधक नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष, गर्व और उल्लास का अवसर है। नन्हे विद्यार्थियों को इस प्रकार आत्मविष्वास के साथ आगे बढ़ते देखना वास्तव में हृदय को प्रसन्नता से भर देता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उन्हें संस्कारवान, अनुशासित, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। मुझे प्रसन्नता है कि सेंट ज़ेवियर्स हाईस्कूल निरंतर इसी दिशा में उत्ष्ट कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट, उत्साह और भावनात्मक क्षणों से गूंज उठा।


## विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 02275/02276 सूबेदारगंज-शकूर बस्ती विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| गाड़ी संख्या - 02275 सूबेदारगंज - शकूर बस्ती | | | गाड़ी संख्या - 02276 शकूर बस्ती - सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| रवि, मंगल | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | मंगल, गुरू |
| 22:45 | 22:47 | फ़तेहपुर | 23:40 | 23:42 |
| 00:15 | 00:20 | गोविंदपुरी | 22:00 | 22:05 |
| 02:00 | 02:02 | इटावा | 18:50 | 18:52 |
| 03:33 | 03:35 | टुंडला | 17:30 | 17:32 |
| 04:45 | 04:47 | अलीगढ | 16:05 | 16:07 |
| 08:05 | 08:07 | गाजियाबाद जं. | 14:33 | 14:35 |
| 09:00 | 09:15 | दिल्ली | 13:30 | 13:45 |
| 10:15 | सोम, बुध | शकूर बस्ती | सोम, बुध | 13:00 |

**सूबेदारगंज सेः-** गाड़ी संख्या 02275, प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार, दिनांक 05.04.2026 से 28.04.2026, **शकूर बस्ती सेः-** गाड़ी संख्या 02276, प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार, दिनांक 06.04.2026 से 29.04.2026, **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच- 02 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02

**गाड़ी सं. 04155/04156 सूबेदारगंज-उधना विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरो का संचालन**

**सूबेदारगंज सेः-** गाड़ी संख्या 04155, प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार, दिनांक 02.04.2026 से 13.07.2026, **उधना सेः-** गाड़ी संख्या 04156, प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार, दिनांक 03.04.2026 से 14.07.2026

**उपरोक्त रेलगाड़ी अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव, मार्ग, संरचना एवं दिन के अनुसार संचालित होगी।**

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 687/26(A)


# डीआईजी ने दौरा कर की पुलिस व्यवस्था व कार्यों की समीक्षा

## - पीआरवी वाहनों को हरी झंडी, महिला सुरक्षा पर दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कानपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीश चन्दर का जनपद में वार्षिक निरीक्षण एवं अपराध एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा के लिए आगमन हुआ। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया, जिसके बाद गार्द द्वारा सलामी दी गई। इस दौरान मुख्यालय लखनऊ (यूपी–112) से प्राप्त 09 चार पहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कर्तव्य पथ के लिए रवाना किया गया। इसके पश्चात पुलिस लाइन स्थित जीर्णोद्धारित बाल वाटिका का उद्घाटन किया गया तथा महिला थाना एवं मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं. आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, आईजीआरएस कार्यालय, डब्ल्यूसीएसओ कार्यालय, बड़ी पेशी एवं जनशिकायत प्रकोष्ठ का अवलोकन किया गया। साथ ही रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस



मॉडर्न स्कूल, रिक्रूट प्रशिक्षण, मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर थानों के कार्यों की समीक्षा की गई। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित गोष्ठी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए महिला संबंधी अपराधों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई तथा पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए गए। अंत में थाना कोतवाली एवं थाना बकेवर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों का रख–रखाव, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं परिसर की साफ–सफाई का जायजा लिया गया। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। थाना बकेवर परिसर में पौध ारोपण भी किया गया। इस दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, शिकायतों के समयबद्ध समाधान एवं थाना परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पांचवां शादी सम्मेलन के कार्ड नेताओं व सामाजिक लोगों को किए वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष



हाजी शेख शकील अहमद एवं उनकी टीम द्वारा होने वाला पांचवां शादी सम्मेलन के कार्ड समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व जसवंतनगर विध ाायक शिवपाल सिंह यादव को हाजी शेख शकील अहमद ने उनके आवास पर मुलाकात कर कार्ड सौंपा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ,इसके साथ ही उन्होंने इस प्रोग्राम में शामिल होने का भी आश्वासन दिया। साथ रहे कौमी तहफुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई, इसके साथ ही समाजसेवी राजू गुप्ता, ईदगाह इमाम मौलाना कमालुद्दीन अशरफी जसवन्तनगर, ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड प्रदेश सचिव जावेद खान,नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला अशर्फी, हजरत मुईनुद्दीन छोटे कादरी साहब, तहसीन अंडे वाले, डॉ. अनुराग दुबे आदि सामाजिक संगठन एवं नेताओं को कार्ड दिए गए और दिए भी जाएंगे साथ रहे मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मोअज्जम, नगर अध्यक्ष अनश खान सुभान खान। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि ये शादी सम्मेलन कार्यक्रम 5 अप्रैल को नारायण धाम स्टेशन रोड पर होगा और इसके मुख्य अतिथि हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी कछौछवी शरीफ राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड अल अशरफ ट्रस्ट होंगे।

# संस्कार प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित, मेधावियों का सम्मान

## - उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को पुरस्कार, अभिभावकों में उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नगर के प्रतिष्ठित संस्कार प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और उत. ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं अनाथ व असहाय बच्चों के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व स्पॉन्सरशिप की जानकारी देते हुए जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक रोहित जैन एवं मोनिका जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। विद्यालय के प्रबंधक बृजेश यादव एवं प्रधानाचार्य मोनिका मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित



किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं तान्या सैनी, ऋचा जैन, प्रियांशी गुप्ता, निहारिका गुप्ता, मुस्कान शर्मा एवं रेखा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या मेंअभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# बिठौली पुलिस ने भजनपुरा में चलाया जागरूकता अभियान

## - महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना बिठौली पुलिस द्वारा ग्राम भजनपुरा एवं थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड



हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध ाों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

## - नवजात बेटियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वासंतिक नवरात्र के अवसर पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–05 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थानों पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला प्रोबेशन विभाग के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसरेहर एवं जसवंतनगर में नवजात कन्याओं के जन्म पर उत्सव मनाया गया। इस दौरान नवजात बालिकाओं को बेबी किट प्रदान कर उनका स्वागत किया गया, वहीं धात्री माताओं को ड्राई फ्रूट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माताओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। अधिकारियों द्वारा महिलाओं को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया गया, ताकि वे उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। यह कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# उमेधा आई हॉस्पिटल के विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और सेवा की एक अनुपम मिसाल देखने को मिली, जहाँ उमेधा आई हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव द्विवेदी द्वारा एक भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं का




उत्साह देखते ही बनता था, जहाँ सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुँचकर माता रानी के चरणों में शीश नवाया और बड़े ही श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। पूरा वातावरण माता के जयकारों से गुंजायमान रहा और सेवा भाव की एक नई लहर दिखाई दी। इस आयोजन को सफल बनाने में उमेधा आई हॉस्पिटल परिवार के साथ–साथ शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में रवि श्रीवास्तव, धरम यादव, शालू भाई, पवन श्रीवास्तव, संजू माथुर और रवि शाक्य जैसे प्रमुख सहयोगियों ने व्यवस्था संभाली। साथ ही शिवम सिंह, कन्हैया सक्सेना, मनीष शाहू, पंकज पाल, पंकज चौधरी, नसीम अख्तर, सरताज अहमद, मो. शेखू, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी और माधव श्रीवास्तव सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सेवा कार्य में हाथ बँटाया। श्रद्धा और सद्भाव के इस मिलन ने न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ाया, बल्कि समाज में एकजुटता और सेवा का एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया।

# बजट खर्च पूरा करने को प्रशासन सख्त, अधिकारियों को निर्देश

## – अवकाश में भी खुलेगा कोषागार, सामान्य दिनों की तरह होगा काम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व बजट के शत–प्रतिशत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में 25 मार्च को आयोजित समीक्षा बैठक में बजट की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनपद के समस्त आहरण–वितरण अधि ाकारियों को निर्देश दिए गए कि आवंटित बजट का समय से पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब कुछ ही दिन शेष हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन के निर्देशानुसार कोषागार इटावा में अवकाश के दिनों में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह कार्य किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय प्रक्रिया लंबित न रहे। इस व्यवस्था का उद्देश्य है कि सभी विभाग समय रहते अपने बजट का समुचित उपयोग कर सकें और वित्तीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# नहर में गिरी बाइक, युवती की मौत दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंस्टाग्राम में हुयी दोस्ती आखिरकार मौत में बदल गयी। युवती अपने दो दोस्तो के साथ बाइक से घूमने जा रही थी। किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत नरैनी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक नहर में जा गिरी जिससे युवती बुरी तरह घायल हो गयी। जबकि दोनो दोस्त उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिमौरा गांव निवासी धुन्नी की पुत्री सुलेखा देवी इंस्टाग्राम में हथगाम निवासी नवल पुत्र अमर सिंह निवासी शाहपुर थाना हथगाम व नवल का फुफेरा भाई भोला सिंह पुत्र कल्लू निवासी थाना किशनपुर के साथ शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने दोनो दोस्तों के साथ बाइक से घूमने निकल गयी और किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत नरैनी गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक नहर में जा गिरी जिससे तीनो बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं शाम लगभग 4 बजे मृतका परिजनों को मोबाइल द्वारा जानकारी दी गयी। युवती की सड़क हादसे में मौत हो गयी है। वहीं मृतका के परिजन साथ में गये फुफेरे भाईयों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहकीकात में जुटी है।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# छत से गिरकर किशोरी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर में शनिवार की सुबह छत से गिरकर घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव निवासी असरफ शाह की पुत्री सानिया शनिवार की सुबह छत पर खेल रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गयी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# स्कूल चलो अभियान को मिलेगी गति

## – हर विद्यालय को 2500 की धनराशि जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नए शैक्षिक सत्र के आगमन के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान को गति दे दी गई है। अभियान के सफल संचालन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रत्येक परिषदीय विद्यालय के पीएफएमएस खाते में ढाई हजार रुपये भेज दिया है, जिससे विद्यालय स्तर पर विविध जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा सकें। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रैली, अभिभावक बैठक व नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षकों द्वारा घर–घर संपर्क कर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे शत–प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। प्राप्त धनराशि का उपयोग निर्धारित मदों में किया जाएगा। इसमें 600 रुपये का बैनर, रैली व अभिभावक बैठक के दौरान बच्चों, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों व शिक्षकों के जलपान पर 1500 और विद्यालय सजावट (झंडी, गुब्बारे आदि) पर 400 रुपये व्यय किए जाएंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आदेश आने के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर नामांकन बढ़ाने की रणनीति तैयार की जा रही है। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर स्वागत कर उन्हें विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। खंड शिक्षाधिकारी ऐरायां रत्नामणी मिश्रा ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के माध्यम से एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि धनराशि का पारदर्शी उपयोग करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान सगे भाईयों समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना सरांय आकिल गांव बकंधा गांव निवासी रामशरन का 30 वर्षीय पुत्र भूपेन्द्र अपने छोटे भाई विजय के साथ दिल्ली गाजियाबाद से बाइक द्वारा घर आ रहे थे। तभी कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत एनएच 2 में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दोनो घायल हो गये। इसी प्रकार खखरेरू कस्बा निवासी सुरेश का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार अपने साथी सचिन पुत्र अमरनाथ 17 के साथ बाइक से खागा आ रहे थे। तभी हरदो के समीप सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे दोनो बुरी तरह घायल हो गये। जबकि थरियांव थाना क्षेत्र के मीसा गांव निवासी कीरतराज का 23 वर्षीय पुत्र अरूण कुमार अपने साथ राहुल पुत्र संतोष 22 वर्ष निवासी अकली का पुरवा थाना सुल्तानपुर घोष के साथ बाइक से बांदा जा रहे थे। तभी बबेरू के समीप अनियंत्रित होकर बाइक खन्ती में जा गिरी जिससे दोनो घायल हो गये। उधर सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने राजकुमार की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# कीटनाशी अगरबत्तियों की बिक्री करने पर होगी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि होम इनसेक्ट कन्ट्रोल एसोसिएशन द्वारा विशेष सचिव को अवगत कराया गया कि प्रदेश में ऐसी अगरबत्तियों का निर्माण एवं बिक्री हो रही है, जिनमें अपंजी.त कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जोकि मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक हैं। इनका प्रयोग स्लीपवेल व कम्फर्ट जैसे ब्रांड अपने उत्पादों के निर्माण में कर रहे हैं। जिसे शासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के समस्त कीटनाशी निरीक्षकों को सघन निरीक्षण कर ऐसे उत्पादों का विक्रय/भण्डारण निषिद्ध करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। दोषी विर्निमाता/विक्रेता एवं बिना लाइसेन्स के विक्रय करने वालों के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968, नियमावली 1971 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए, नमूना आहरण कर जाँच कराने के निर्देश भी दिए गये हैं। .षि विभाग द्वारा जनमानस के हित में इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है यदि किसी प्रतिष्ठान पर ऐसे उत्पाद देखे जाते हैं तो तत्काल अपनी नजदीकी राजकीय .षि रक्षा इकाई अथवा जिला .षि रक्षा कार्यालय विकास भवन कमरा नं0 111 को सूचित करें।

# बाइक विद्युत पोल से टकराई, एक की मौत दूसरा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर भेदपुर के समीप शुक्रवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकरायी। जिसमें किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मान सिंह का पुरवा गांव निवासी अवधेश उर्फ मखदमू का 17 वर्षीय पुत्र सचिन उर्फ नीरज गांव के ही राजू का 18 वर्षीय पुत्र राजकुमार के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गया था। रात लगभग 9 बजे वापस लौटते समय जब यह लोग रामपुर भेदपुर के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से जा टकरायी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सचिन उर्फ नीरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजकुमार का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

# स्कूली वाहन चालकों का प्रशिक्षण व स्वास्थ्य चेकअप कराएं : सीडीओ

## - प्रवर्तन की कार्यवाही संवेदनशीलता के साथ करें

## - सीडीओ ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गॉधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित पिछली बैठक मे दिये गए निर्देश के अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि बिना फिटनेस के किसी भी स्कूली वाहन का संचालन किसी भी दशा में न होने पाए का विशेष ध्यान पुलिस विभाग/एआरटीओ रखें। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि स्कूली वाहन चालकों का प्रशिक्षण व स्वास्थ्य चेकअप करा लिया जाये। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी स्कूली वाहन मानक के अनुरूप हो इस आशय का प्रमाण पत्र ले लें। गंभीर दुर्घटना वाले वाहन चालकों व जिस दुर्घटना में वाहन चालक की लापरवाही से किसी की मौत हो गई हो, पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाये। इसकी रिपोर्ट से भी अवगत कराएं। साथ ही दुर्घटना की जांच संबंधी रिपोर्ट पुलिस विभाग समय से एआरटीओ को उपलब्ध कराएं। उन्होंने वाहन चालकों द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन बार–बार करते हुए पाए जाने पर ड्राइविंग लाईसेंस नियमानुसार निरस्त करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नाबालिक वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। साथ ही विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि नेशनल/स्टेट हाइवे के मार्गों किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में कितने मानव संसाधन/उपकरण है उसकी रिपोर्ट से अवगत करायें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, टीएसआई यातायात, एनएचआई सहित संबंधित उपस्थित रहे।



# प्राथमिक विद्यालय सुमेरपुर के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी का विदाई सम्मान समारोह

## -पुष्पगुच्छ व शॉल पहनाकर किया गया स्वागत

## -प्राथमिक विद्यालय चकमोहद्दीनपुर में कक्षा 5 के बच्चों को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो/उपसंपादक देवेन्द्र सिंह पटेल

फतेहपुर। मलवां विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय चकमोहद्दीनपुर में कक्षा 5 के बच्चों के विदाई कार्यक्रम के साथ न्याय पंचायत जाफराबाद के प्राथमिक विद्यालय सुमेरपुर के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह भी बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी व उपस्थित समस्त अध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन करके मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कक्षा 5 के समस्त बच्चों को विदाई समारोह के इस कार्यक्रम में विद्यालय के द्वारा एक प्लेट, एक स्टील बॉक्स, एक पेन, एक शर्ट, व एक पानी की बोतल उपहार स्वरूप स्वरूप दी गई। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र अवस्थी की विदाई समारोह में उपस्थित प्राथमिक विद्यालय चक मोहिउद्दीनपुर की प्रधानाध्यापिका लता पुरी गोस्वामी, राजेंद्र कुमार सैनी, विवेक गुप्ता, पूर्णिमा वर्मा, देवेंद्र सिंह व विद्यालय के समस्त परिवार द्वारा शॉल व माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी अध्यापकों ने प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी के 31 मार्च 2026 में सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई कार्यक्रम में अपने अपने शब्दों से उनकी इस सेवा कॉल की भूरि–भूरि सराहना की अंत में प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार अवस्थी द्वारा अपने इस विदाई कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अध्यापकों का आभार व्यक्त किया गया।



# सिहारी पट्टी के हर घर में खुशहाली ला रही योजना : कृष्णा

## - खागा विधायक ने जल अर्पण कार्यक्रम में लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। जल जीवन मिशन के हर घर जल संकल्प को धरातल पर उतारते हुए विकास खण्ड धाता की ग्राम पंचायत शिहारी पट्टी में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खागा विधायक .ष्णा पासवान की उपस्थिति में पेयजल योजना का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्जवलन एवं जल पूजन के साथ किया। अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। पेयजल योजना का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद विधायक ने कार्य की गुणवत्ता पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता और जल जीवन मिशन की समस्त टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह महत्वाकांक्षी योजना आज शिहारी पट्टी के हर घर में खुशहाली ला रही है। जल निगम की टीम के कार्य से वह संतुष्ट हैं। जिस गुणवत्ता और तत्परता से यहाँ कार्य पूर्ण हुआ है, उसी ऊर्जा के साथ अन्य लंबित पेयजल परियोजनाओं को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जनपद का हर परिवार शुद्ध पेयजल का लाभ उठा सके। शिहारी पट्टी में पाइपलाइन के माध्यम से घर–घर स्वच्छ जल पहुँचने से सभी ग्रामवासी अत्यंत संतुष्ट और खुश नजर आए। ग्रामीणों ने एक स्वर में सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ पानी मिलने से अब उनके जीवन की सबसे बड़ी कठिनाई दूर हो गई है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण में उत्.ष्ट कार्य करने वाली एफटीके महिलाओं, पंप ऑपरेटर और स्वच्छता समिति के सदस्यों को विधायक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित जनसमूह को श्जल शपथश दिलाकर पानी की एक–एक बूंद बचाने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, सहायक अभियंता कैलाश चन्द्र, अवर अभियंता विवेक कुमार, टीपीआई से कृष्ण कुमार खरे, जिला समन्वयक राजमुनि यादव, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चन्देल, सीबीटी स्वाति अवस्थी, प्रोजेक्ट मैनेजर मो0 सऊद सिद्दीकी, कंस्ट्रक्शन कंपनी से मनोज तिवारी, भाविक ग्राम प्रधान मान सिंह व ग्रामीण उपस्थित रहे।




# सिर पर खाली बाल्टी रखकर कलेक्ट्रेट आई महिलाएं

## - हैंडपंप में लगी मोटर हटवाने की मांग, लगाए आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाने के मदरियापुर मजरे केवई की रहने वाली ग्रामीण महिलाएं हाथों में खाली बाल्टी लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें कहा कि गांव में राम भूषण पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ के दरवाजे के पास सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। जिसमें मोटर भी डाली गई है। जिससे विरोध करने पर 13 दिसंबर 2025 को राधानगर पुलिस ने मौके पर जाकर समझौता करवाया था। आरोप लगाया कि 15 मार्च को प्रीति सिंह पत्नी बृजेश कुमार तीन अन्य लोगों के साथ गांव जाकर पंप खुलवाकर जबरदस्ती मोटर डलवा दिया। विरोध करने पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर बुलवाकर काम रुकवा दिया गया। इसके बाद 16 मार्च को पुनः मोटर डलवा दी गई। इस दौरान गांव की महिलाएं जब पानी भरने के लिए आई तो मोटर बंद कर दी गई और पानी भरने नहीं दिया गया। इन लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी ने लिखकर भी दिया है कि मोटर निकलवा दिया जाए परंतु मोटर नहीं निकल पाई। जिलाधिकारी से मांग किया कि उक्त हैंडपंप से पानी भरने दिया जाए क्योंकि पानी न मिलने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता प्रेम सिंह गौतम, सुशीला, उर्मिला, राना देवी, गुड़िया, सुनीता, इंद्रारानी, रवि शंकर, ब्रह्मदीन, मनोज, श्याम बाबू, शिव भवन सहित तमाम लोग मौजूद रहे। प्रीति सिंह पत्नी बृजेश कुमार ने आरोप लगाया कि जहां पर यह हैंडपंप लगा है वहां और भी तमाम हैंडपंप हैं। इस हैंडपंप को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिस पर मुकदमा भी पंजी.त किया गया है। इस मुकदमे को लेकर दूसरा पक्ष बेवजह हैंडपंप को निशाना बना रहे है। जांच करवा ली जाए सब कुछ दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।



# पत्नी से लड़कर खाया जहर, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम अजमतपुर में पत्नी से रोज–रोज के झगड़े से तंग आकर 24 वर्षीय युवक ने जहर खा लिया। जिससे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर शाम उसने दम तोड दिया। जानकारी के अनुसार अजमतपुर गांव निवासी रामसागर का पुत्र हिमांशू की अभी एक माह पूर्व रागिनी से विवाह हुआ था। बताते है कि शुक्रवार की दोपहर दोनो के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। जिससे क्षुब्ध होकर हिमांशू ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते–करते देर शाम इलाज के दौरान दम तोड दिया। उधर सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# भाकियू महात्मा टिकैत के युवा जिला उपाध्यक्ष बने दुर्गेश

## – पदाधिकारियों ने माला पहनाकर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट की मासिक बैठक में संगठन मजबूती के उद्देष्य से विस्तार किया गया। दुर्गेष कुमार पाण्डेय को युवा जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने उनका फूल–माला पहनाकर



स्वागत किया। इसके अलावा बैठक में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी व युवा जिलाध्यक्ष कालू सिंह मंडासराय ने की। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसानों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम संगठन मजबूती के उद्देष्य से दुर्गेष कुमार पाण्डेय को युवा जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसका विरोध संगठन कर रहा है। स्मार्ट मीटर के जरिए किसान, मजदूर को लूटने का काम विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित यादव ने कहा कि गेहूं की खरीद करने के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में क्रय केन्द्र खोले जाएं। जिससे समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। इस मौके पर राजू सिंह, पुत्तन मिश्रा, मीना सिंह, विजय सिंह, रमाशंकर शुक्ला, गुड्डू यादव, मौजूद रहे।

# ऐरायां ब्लाक में हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

## – प्रत्येक न्याय पंचायत के पांच–पांच बच्चों को किट देकर किया पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ऐरायां विकास खंड में हमारा आंगन–हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रत्नामणि मिश्रा के




नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत खागा अध्यक्ष गीता सिंह रहीं। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। संचालन डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र ने किया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विमला शर्मा व सुमन देवी ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एआरपी एवं ब्लॉक नोडल दीपक कुमार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों मे किये जा रहे संरचनात्मक बदलाव एवं स्कूल रेडीनेस की विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। एआरपी आकाश कुमार सिंह ने निपुण भारत मिशन और स्कूल रेडीनेस पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रत्येक न्याय पंचायत के 5–5 बच्चों को किट देकर पुरस्.त किया गया। बाल वाटिका, कुटी पर, कट खेरवा और फतेहपुर टेकारी के बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्य ऐप पर प्रदर्शन एवं अन्य गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर के आदर्श शिक्षक आनंद कुमार मिश्र ने बच्चों एवं विद्यालय को निपुण बनाने के अपने अनुभव को साझा किया। पूर्व एआरपी अजय सिंह ने भी स्कूल रेडिनेस, माता उन्मुखीकरण आदि पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि चेयरमैन ने बच्चों और शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यालयों में हो रहे बदलाव पर अपने विचार व्यक्त किये। अंत में जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नोडल संकुल नवनीत सोनी, अरविंद सिंह, शैलेश कुमार, लालचंद्र मौर्य, धर्मेश प्रसाद, सज्जन सिंह, रुपाली गुप्ता, सुनैना देवी, शोभा देवी, राजदीप, अनिल कुमार, विनोद कुमार, रवि कुमार तिवारी आदि नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्पेशल एजुकेटर व बच्चे उपस्थित रहे।

# सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन चुनाव में सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता बीड़ी मौर्य द्वारा फीता काटकर किया गया। सर्व समाज अधिवक्ता संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगनायक सचान एडवोकेट व महामंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बीडी मौर्या पूर्व बार अध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता बलिराज उमराव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शनिवार को नहर कालोनी के निकट स्थित एक मैरिज लान में सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंच कर अधिकवक्ताओ ने सर्व समाज के पक्ष में लामबंद होकर संगठन के प्रत्याशियों के प्रति एकता का प्रदर्शन करते हुए समर्थन दिया। इस मौके पर अमरनाथ कैथल, विनीत रायजादा, बचानी लाल, केजी सिंह, सूर्यबली निषाद, अनुराग सिंह, गुरु प्रसाद, वंशीलाल, रामजी सहाय, राजेश मौर्या, जगदीश मौर्या, पीके उमराव, सुघर सिंह, ममनून खान, सुनील उमराव, मो0 साबिर, पप्पी राजपूत, नाजिश रज़ा, वीर प्रकाश लोधी, सलीम खान, श्याम लाल गुप्ता, जगदीश गुप्ता, विनोद सिंह सेंगर, रिजवान डियर, सुलेमान, नफीस अहमद आदि रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )